दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार, 06 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 158

## ऑपरेशन गंगा : आईएएफ के तीन विमान 629 भारतीयों के साथ हिंडन में उतरे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के तीन सी-17 परिवहन विमान शनिवार सुबह यूक्रेन-रोमानिया, स्लोवाकिया और पोलैंड से 629 भारतीय नागरिकों को लेकर हिंडन हवाई अड्डे पर उतरे।

आईएएफ ने कहा, इन उड़ानों से भारत ने 16.5 टन राहत सामग्री को इन देशों तक पहुंचायी। आईएएफ ने कहा ऑपरेशन गंगा के तहत भारतीय वायुसेना ने अब तक 2056 यात्रियों को वापस लाने के लिए 10 उड़ानें भरी हैं, जबकि युद्धग्रस्त यूक्रेन के लिए 26 टन राहत वहां पहुंचाई। ऑपरशन गंगा के तहत अब तक यूक्रेन से 11500 भारतीय नागरिकों को निकाला जा चुका है।

**यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों के लिए राहत भरी खबर, एफएमजीई पास करने पर भारत में कर सकेंगे इंटरनशिप-** युद्ध के बीच यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को सरकार वहां से निकालकर वापिस देश ला रही है। इसमें सबसे ज्यादा छात्र मेडिकल के हैं। वहां पर परीक्षा और इंटर्नशिप छोडक़र आने से हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। भारत सरकार से इस दिशा में कदम उठाने की मांग की जा रही थी, जिस पर अब नेशनल मेडिकल कमीशन ने अपना रुख साफ कर दिया है। साथ ही यूक्रेन से लौटे छात्रों को एक राहत भरी खबर दी है।



अब विदेशों में इंटरनशिप पूरी नहीं कर पाए ग्रेजुएट छात्र भारत में ही बचा हुआ प्रशिक्षण पूरा कर सकेंगे या नई इंटरनशिप के लिए आवेदन कर सकेंगे। एनएमसी और सरकार के बीच इस संबंध में चर्चाएं जारी थी। हालांकि, इसके लिए छात्रों को शिक्षा से जुड़े कुछ जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे।

चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने यूक्रेन से भारतीय मेडिकल छात्रों की चल रही वापसी के बीच फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स को भारत में अपनी अनिवार्य 12 महीने की इंटर्नशिप को पूरा करने की अनुमति दे दी है। आयोग द्वारा एक नोटिस जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि अगर स्टूडेंट्स फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एफएमजीई परीक्षा पास कर लेते हैं तो वो भारत में अधूरी रही अपनी इंटर्नशिप को पूरा कर सकते हैं। एनएमसी द्वारा ये नोटिस शुक्रवार को जारी की गई थी।

बता दें कि फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा को नेक्स्ट परीक्षा के रूप में भी जाना जाता है। ये एक एक्जिट परीक्षा है जिसे मेडिकल छात्रों को मेडिसिन में पोस्टग्रेजुएशन करने में सक्षम होने और भारत में मेडिसिन का अभ्यास करने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने के योग्य बनने के लिए पास करना जरूरी होता है। आयोग ने जारी दिशा-निर्देशों में यह भी कहा है कि मेडिकल कॉलेज द्वारा एफएमजी से उन्हें इंटर्नशिप करने की अनुमति देने के लिए कोई राशि / शुल्क नहीं लिया जाता है। एफएमजी के लिए वजीफा और अन्य सुविधाएं भारतीय चिकित्सा स्नातकों को मिलने वाली राशि के अनुसार होंगी।

**रूस ने भारतीयों को निकालने के लिए बसें की तैयार, भारत ने कहा युद्धविराम के बिना संभव नहीं-** रूस के अधिकारियों ने यूक्रेन के सूमी और खारकीव से भारतीय छात्रों को निकालने के लिए 130 बसों की व्यवस्था की है।

बीती देर रात भारत ने कहा कि युद्धविराम के बिना उन्हें बाहर निकालना संभव नहीं है, क्योंकि इन क्षेत्रों में गोलीबारी और बमबारी जारी है। शीर्ष रूसी सैन्य अधिकारी कर्नल-जनरल मिखाइल मिज़िंटसेव ने कहा कि रूस युद्धग्रस्त यूक्रेन के खारकीव और सूमी शहरों से अपने बेलगोरोड क्षेत्र में फंसे हुए भारतीय छात्रों और अन्य विदेशियों को निकालने के लिए 130 बसें भेजने के लिए तैयार है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने और युद्धग्रस्त यूक्रेन से भारतीयों की सुरक्षित निकासी पर चर्चा करने के एक दिन बाद आया है। 700 से अधिक भारतीय छात्र सूमी में फंसे हुए हैं और उनके पास भोजन और पानी जैसी बुनियादी जरूरतें खत्म हो रही हैं और वे भारत सरकार से उन्हें वहां से निकालने का आग्रह कर रहे हैं।

इस बीच, सरकारी सूत्रों ने कहा कि सूमी और खारकीव में फंसे छात्रों सहित भारतीय नागरिकों के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए भारतीय अधिकारियों को बेलगोरोड में प्रतिनियुक्त किया गया है और एक बार सुरक्षित मार्ग प्रदान किए जाने या युद्धविराम के मामले में, उन्हें इन स्थान से निकाला जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत की मुख्य चिंता पूर्वी यूक्रेन के खारकीव और सूमी के संघर्ष क्षेत्रों से अपने नागरिकों को निकालना है।

## बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास मिलन 22 हुआ संपन्न

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मिलन के 11वें संस्करण का समुद्री चरण जिसमें 26 जहाजों, एक पनडुब्बी तथा 21 विमानों ने भाग लिया था, 4 मार्च, 2022 को संपन्न हो गया। साझेदार नौसेनाओं के बीच अनुकूलता, पारस्परिकता, आपसी समझ तथा समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए नौसेना प्रचालनों के सभी तीनों चरणों में जटिल तथा उन्नत अभ्यास किए गए।



समुद्री चरण सहभागी नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता बढ़ाने के लिए अभ्यासों की एक श्रृंखला के साथ आरंभ किया गया था। समुद्र में अभ्यासों के पहले दो दिनों में अमेरिकी पी8ए विमान के साथ जटिल एंटी एयर वारफेयर ड्रिल शामिल थे, जो भाग लेने वाली नौसेनाओं के युद्धपोतों के निर्माण पर भारतीय लड़ाकू विमानों के हमलों में तेजी लाते थे। इसके अतिरिक्त, कम उड़ान वाले हवाई लक्ष्यों के खिलाफ हथियारों से फायरिंग का अभ्यास किया गया, जो चालक दल की दक्षता और उच्च स्तर की अंतर-क्षमता को दर्शाता है। हेलीकॉप्टर प्रचालनों के दौरान, क्रॉस डेक लैंडिंग प्रचालन किया गया। भाग लेने वाले देशों के जहाजों ने भी भारतीय नौसेना के टैंकर के साथ समुद्र में पुन:पूर्ति के लिए अभ्यास किया, जिसके लिए सटीक कलाबाज़ी और नाविक कौशल की आवश्यकता होती है।

अगले कुछ दिनों में अभ्यासों की जटिलता में वृद्धि देखी गई जिसमें जारी पुन:पूर्ति, विमान द्वारा भागीदारी के साथ उन्नत पनडुब्बी रोधी अभ्यास, सतह लक्ष्य फायरिंग और जटिल परिचालन परिदृश्यों का सिमुलेशन शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री आज पुणे मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 मार्च, 2022 को पुणे का दौरा करेंगे और पुणे मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

प्रधानमंत्री सुबह करीब 11 बजे पुणे नगर निगम परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण करेंगे। यह मूर्ति 1850 किलोग्राम गन मेटल से बनी है और लगभग 9.5 फीट ऊंची है।

प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े 11 बजे पुणे मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह परियोजना पुणे में शहरी आवाजाही के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधा प्रदान करने का एक प्रयास है। प्रधानमंत्री द्वारा परियोजना की आधारशिला भी 24 दिसंबर, 2016 को रखी गई थी। प्रधानमंत्री कुल 32.2 किमी की पुणे मेट्रो रेल परियोजना के 12 किमी खंड का उद्घाटन करेंगे। पूरी परियोजना 11,400 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से बनाई जा रही है। मोदी गरवारे मेट्रो स्टेशन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन और निरीक्षण भी करेंगे और वहां से आनंदनगर मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी करेंगे।



दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उद्घाटन करेंगे। वह मुला-मुथा नदी परियोजनाओं के कायाकल्प और प्रदूषण उपशमन की आधारशिला भी रखेंगे। नदी के नौ किलोमीटर खंड में 1080 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना लागत से कायाकल्प किया जाएगा। इसमें नदी किनारे संरक्षण, इंटरसेप्टर सीवेज नेटवर्क, सार्वजनिक सुविधाएं, नौका विहार गतिविधि आदि जैसे कार्य शामिल होंगे। मुला-मुथा नदी प्रदूषण उपशमन परियोजना को 1470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वन सिटी वन ऑपरेटर की अवधारणा पर लागू किया जाएगा। परियोजना के तहत कुल 11 सीवेज उपचार संयंत्रों का निर्माण किया जाएगा, जिनकी कुल क्षमता लगभग 400 एमएलडी होगी। प्रधानमंत्री 100 ई-बसों और बनेर में निर्मित ई-बस डिपो का भी शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री पुणे के बालेवाड़ी में निर्मित आर.के. लक्ष्मण आर्ट गैलरी-संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। संग्रहालय का मुख्य आकर्षण मालगुडी गांव पर आधारित एक लघु मॉडल है, जिसे श्रव्य-दृश्य प्रभावों के माध्यम से जीवंत बनाया जाएगा। कार्टूनिस्ट आर. के. लक्ष्मण द्वारा बनाए गए कार्टूनों को संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर करीब 1:45 बजे प्रधानमंत्री सिम्बायोसिस यूनिवर्सिटी के स्वर्ण जयंती समारोह की शुरुआत करेंगे।

## भारत और बांग्लादेश के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की बैठक का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और बांग्लादेश के बीच 4 मार्च, 2022 को नई दिल्ली में वाणिज्य सचिव स्तर की बैठक हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य सचिव, बी. वी. आर. सुब्रहमण्यम ने और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ सचिव, वाणिज्य मंत्रालय, तपन कांति घोष ने किया।

दोनों पक्षों ने रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर, बंदरगाह इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) पर संयुक्त अध्ययन, बॉर्डर हाट, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्टेशन के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क, मानकों का अनुकूलीकरण, परस्पर मान्य समझौता सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

कई मुद्दों पर चर्चा के साथ, दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने एजेंडे में शामिल निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रगति की सराहना की गई: -



• हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में खासी बढ़ोतरी देखने को मिली है- बांग्लादेश, भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

रेलवे के माध्यम से भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए

सिराजगंज बाजार में एक कंटेनर हैंडलिंग फैसिलिटी के विकास के लिए एक विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (डीपीपी) को स्वीकृति दी गई।

भारत-बांग्लादेश के बीच मालगाड़ियों के संचालन के लिए, बेनापोल में 900 मीटर की नई साइडिंग लाइन का निर्माण किया गया है।

दर्साना होते हुए रेल के द्वारा भारत को सभी कमोडिटीज के आयात को अनुमति देने के लिए, दर्साना में लोडिंग और अनलोडिंग प्लेटफॉर्म के निर्माण को पूरा किया गया है।

ईश्वरदी में आईसीडी आधारित रेल और सडक़ के विकास के लिए, डीपीपी को स्वीकृति दी गई है।

• बांग्लादेश द्वारा खाली वापस आने वाले रेलवे वैगन/ कंटेनरों के उपयोग पर सहमति दी गई- इससे भारत से बांग्लादेश को होने वाले निर्यात की कुल ढुलाई लागत कम हो जाएगी।

बॉर्डर हाट्स – ये कोविड प्रतिबंधों के चलते बंद हो गए हैं, जिन्हें अब जल्द ही फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

पेत्रपोल-बेनापोल इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीबी) के 24&7 परिचालन को जल्द ही लागू किया जाएगा।

आईसीपी/ लैंड कस्टम्स स्टेशनों पर खासी प्रगति हुई है।

दोनों देशों के बीच मल्टी-मॉडल परिवहन के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत किया गया है।

सीईपीए अध्ययन को जल्द से जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा।

सीईओ फोरम की पहली बैठक जल्द।

इस बैठक से पहले नई दिल्ली में 2-3 मार्च को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार और वाणिज्य मंत्रालय, बांग्लादेश सरकार के संयुक्त/ अपर सचिवों के स्तर की व्यापार पर संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक हुई थी। इस दौरान परस्पर हित के विभिन्न क्षेत्रों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

## कोयला मंत्रालय कल से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'प्रतिष्ठित सप्ताह' मनाएगा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** स्वतंत्रता के 75 वर्षों तथा भारत के अमृत काल में प्रवेश करने का समारोह मनाने के लिए, कोयला मंत्रालय 'आजादी का अमृत महोत्सव' प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में 7 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक देशभर में विशेष समारोह तथा कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह का उद्घाटन कोयला, खाद्दान तथा रेल राज्य मंत्री राव साहब पाटिल दानवे द्वारा 7 मार्च, 2022 को नई दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर (भीम सभागृह) में किया जाएगा। इसमें सचिव (कोयला) के नेतृत्व में कोयला मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों एवं पीएसयू के वरिष्ठ अधिकारियों की भी सहभागिता होगी। कोयला क्षेत्र में हमारी यात्रा के विभिन्न क्षेत्रों तथा आज इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा के लिए क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जा रहा है। समारोहों के हिस्से के रूप में, मंत्रालय द्वारा समारोह संबंधी कार्यक्रमों तथा गतिविधियों की एक श्रृंखला की योजना बनाई गई है जो कोयला क्षेत्र में भारत की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी तथा भविष्य के लिए रूपरेखा भी तैयार करेगी। यह टिकाऊ खनन, कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने तथा कार्बन न्यूट्रेलिटी का लक्ष्य निर्धारित करने, प्रभावी खनन प्रचालनों के माध्यम से आयात प्रतिस्थापन, खान क्षेत्रों में स्थानीय समुदायों/ग्रामीण जनसंख्या की सामाजिक आर्थिक स्थितियों पर सकारात्मक प्रभाव का निर्माण तथा कोयला से कोल बेड मिथेन जैसी अत्याधुनिक स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों के उद्भव के क्षेत्र में पहलों तथा उपलब्धियों को भी रेखांकित करेगी।

## दौराला रेलवे स्टेशन पर सहारनपुर-दिल्ली ट्रेन के इंजन और दो डिब्बों में लगी आग

**0- यात्रियों ने कोच को धक्का लगाकर किया अलग**

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ के दौराला में शनिवार सुबह उस समय बड़ा हादसा टल गया जब सहारनपुर से दिल्ली जा रही पैसेंजर ट्रेन में आग लग गई और वक्त रहते लोग ट्रेन से उतर गए। ट्रेन से उठती लपटों ने लोगों को दहशत में ला दिया। पैसेंजर ट्रेन के दो कोच और इंजन में आग लगने के बाद बाकी कोच को काटकर अलग किया गया। इस दौरान यात्रियों ने पूरी ट्रेन को आग की चपेट में आने से बचाने के लिए इसे धक्का देकर दूर किया।

शनिवार सुबह सहारनपुर से चलकर दिल्ली के लिए पैसेंजर ट्रेन दौराला रेलवे स्टेशन तक पहुंची इस ट्रेन के दौराला रेलवे स्टेशन से पहुंचने से पहले ही 2 कोच और इंजन में आग लग गई थी इसके बाद जैसे ही दौराला स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया था यात्री सही सलामत ट्रेन से उतरे। इसी दौरान यात्रियों ने अपनी सूझबूझ का परिचय दिया और रेलवे के कर्मचारियों के साथ आग लगे कोचों से ट्रेन के अन्य डिब्बे को धक्का मार कर आगे कर ठिकाने पर पहुंचाया इस तरह से ट्रेन के अन्य डिब्बे आग की चपेट में आने से बचे।



भारी-भरकम ट्रेन को खींचना या धक्का देकर चलाना अकल्पनीय सा लगता है। लेकिन जब एक साथ मिलकर एक ही दिशा में सैकड़ों लोगों ने ताकत लगाई तो पूरी ट्रेन को लोगों ने ऐसे खींच लिया जैसे किसी कार या ऑटो को धक्का लगा रहे हों। सोशल मीडिया पर भी यह वीडियो वायरल हो रहा है और लोग इसे एकता की ताकत बता रहे हैं।

शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग

रेलवे के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि संभवत आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी, लेकिन ट्रेन के दौराला स्टेशन पर खड़े होने की वजह से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। सभी यात्रियों के डिब्बों से बाहर निकलने की वजह से किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है और सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

पुलिस के अनुसार सहारनपुर पैसेंजर दौराला स्टेशन पर सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर पहुंचनी थी और आम तौर पर दैनिक यात्री स्टेशन पर मौजूद थे। स्टेशन पर पहुंचते ही अचानक ट्रेन के दो डिब्बों में धुआं निकलता हुआ दिखाई दिया।

**भगदड़ जैसे बन गए हालात-** रेलवे अधिकारियों ने तुरंत दोनों आग प्रभावित डिब्बों से यात्रियों को बाहर निकलवाने का काम किया। मौके पर हालांकि भगदड़ जैसे हालात बन गए लेकिन तमाम यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बताया गया है कि तेज हवा के कारण आग बुझाने के काम में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस कारण मेरठ सहारनपुर रेलवे रूट प्रभावित हो गया और कई महत्वपूर्ण ट्रेनें प्रभावित रही। इनमें दिल्ली देहरादून शताब्दी एक्सप्रेस, शालीमार एक्सप्रेस और नौचंदी एक्सप्रेस आदि गाडिय़ां शामिल रहीं।

**3 घंटे बाद रेलवे ट्रैक हुआ बहाल,ट्रेनों का संचालन शुरू-** मेरठ के निकट दौराला रेलवे स्टेशन पर शनिवार की सुबह करीब 7:10 पर सहारनपुर से दिल्ली की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन में आग लग लगने के बाद करीब तीन घंटे ट्रेनों का संचालन बाधित रही। अब सुबह 10.15 बजे आग से क्षतिग्रस्त ट्रेन को मेन ट्रेन से हटाकर ट्रेनों का संचालन किसी तरह शुरू किया गया है।

सुबह ट्रेन में आग की सूचना से रेलवे विभाग में हडक़ंप मच गया था। आननफानन में रेलवे ट्रैक को ट्रेनों के संचालन के लिए बंद कर दिया गया था। इस दौरान ट्रैक से गुजर रही विभिन्न ट्रेनों को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रोक दिया गया था। कुछ ट्रेनों को दूसरे रास्ते से निकाला गया। अब करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ट्रेन में लगी आग को पूरी तरह से काबू में कर लिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सांबा में गहरी खाई में गिरी गाड़ी, 5 लोगों की मौके पर ही मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर के सांबा जलि में शनविार को बड़ा हादसा हो गया, जहां एक गाड़ी गहरी खाई में गरिने से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। इस दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को पास ही के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी देते हुए सांबा जिले की पुलिस के अनुसार मानसर इलाके के पास आज तडक़े हुए हादसे में कुल 5 लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। एसएचओ ने कहा कि मानसर रूट से होते हुए इनोवा गाड़ी श्रीनगर जा रही थी। उन्होंने कहा कि इनोवा गाड़ी के ड्राइवर ने जमोड़ इलाके में एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया और कार एक गहरी खाई में जा गिरी। गाड़ी में 6 लोग सवार थे। वहीं मार्ग से गुजर रहे लोगों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह खाई में गिरी कार से सभी लोगों को निकालकर मुख्य सडक़ तक लाए और पुलिस को भी सूचना दे दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है और घायल को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों की पहचान गुलजार अहमद भट (71), उनकी पत्नी जैना बेगम (65), उनके बेटे इकबाल अहमद भट (25) और बेटी मसरत जान (21) के रूप में हुई है। चालक की पहचान अनंतनाग निवासी साकिब के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### यूक्रेन से लौटे 1070 केरलवासी : विजयन

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि ऑपरेशन गंगा के तहत युद्धग्रस्त यूक्रेन से अब तक 1070 केरलवासी स्वदेश लौट चुके हैं। विजयन ने बीती देर रात फेसबुक में लिखा, शुक्रवार को यूक्रेन से निकाले गए 418 लोग नई दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट से केरल पहुंच गए हैं। इससे पहले केरल सरकार ने मुंबई और नई दिल्ली हवाई अड्डों से केरल पहुंचने हेतु प्रवासियों के लिए चार्टर्ड उड़ानों और मुफ्त हवाई टिकट की घोषणा की थी। इस बीच,सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम नोरका-रूट्स ने विभिन्न उड़ानों से कन्नूर, कोझीकोड, कोच्चि और तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डों पर आने वाले यात्रियों के घर तक की यात्रा के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की थी।

### यूक्रेन के दो शहरों में युद्ध रोकने को सहमत हुआ रूस, नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकलने का दिया मौका

**कीव/ मास्को ।** रूसी सेना यूक्रेन के दो क्षेत्रों में संघर्ष-विराम पर सहमत हो गई है, ताकि वहां फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा सके। मॉस्को यूक्रेनी बलों के साथ कुछ निकासी मार्गों पर संघर्ष-विराम के लिए सहमत हो गया है, ताकि नागरिकों को दक्षिण-पूर्व में रणनीतिक लिहाज से अहम बंदरगाह शहर मारियुपोल और पूर्वी शहर वोल्नोवाखा से सुरक्षित निकालने में मदद मिल सके। हालांकि, यूक्रेनी सेना की तरफ से अभी संघर्ष-विराम की कोई पुष्टि नहीं की गई है और फिलहाल यह भी स्पष्ट नहीं है कि निकासी मार्ग कब तक खुले रहेंगे। संघर्ष विराम सुबह 10 बजे (लगभग 1.30 बजे आईएसटी) से शुरू होगा। यूक्रेनी पक्ष द्वारा इसे लेकर सहमति व्यक्त की गई थी, मानवीय गलियारे दक्षिण यूक्रेन में मारियुपोल और वोल्नोवाखा से नागरिकों को बाहर निकलने की अनुमति देंगे। ।

### रूस और यूक्रेन वॉर के बीच उत्तर कोरिया ने किया बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**सोल।** उत्तर कोरिया ने राष्ट्रपति चुनाव से महज चार दिन पहले यानी पूर्वी सागर की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इस संबंध में दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि राजधानी प्योंगयांग में सुनन क्षेत्र के आसपास से मिसाइल लॉंच करने का का पता चला और मिसाइल ने 560 किमी की ऊंचाई पर 270 किमी के आसपास उड़ान भरी। ज्वाइंट स्टाफ ने कहा, वर्तमान में हमारी सेना एक अतिरिक्त प्रक्षेपण की संभावना के संबंध में (उत्तर कोरियाई) गतिविधियों पर नजर रख रही है और उसकी निगरानी कर रही है। उत्तर कोरिया ने नौवीं बार प्रक्षेपण किया है। योनहाप ने पर्यवेक्षकों के हवाले से कहा कि जब यूक्रेन में चल रहे सशस्त्र संघर्ष पर पूरी दुनिया की नजर है, तब उत्तर कोरिया लगातार अपनी सैन्य उपस्थिति को मजबूत करने का संकेत दे रहा है।